**नियंत्रण** » जिसमें जितनी बुराई को रोकने की शक्ति होती है उतना वह अच्छा कहलाता है



# शक्ति आपके पास ही है बस प्रयोग करें

ब्र.कु. जगदीशचन्द्र हसीजा

**कुछ शक्तियां ऐसी हैं जो हरेक में हैं लेकिन उनका प्रयोग नहीं हो रहा है। अगर प्रयोग हो भी रहा है तो ठीक तरीके से नहीं हो रहा। अगर हम चिंतन करेंगे तो पायेंगे लगभग 16 ऐसी शक्तियां हरेक में पाई जाती हैं चाहे वो ज्ञानी हो या अज्ञानी, हरेक में होती हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि दुनिया वाले उनका उल्टा प्रयोग करते हैं। जिससे वे पतन की ओर जा रहे हैं। परन्तु बाबा(परमात्मा) हमें उनको अच्छाई की ओर ले जाने के लिए बताते हैं, उनसे हमारी उन्नति हो रही है। उन 16 शक्तियों में से आज हम एक शक्ति के बारे में आपको बतायेंगे जोकि हमारे जीवन में हर मोड़ पर उसकी ज़रूरत होती है।**

**रोकना(पॉवर ऑफ कंट्रोल):-** हरेक में रोकने की शक्ति है। आप चाहें तो कोई काम कर सकते हैं और चाहें तो रोक सकते हैं। यह शक्ति छोटे बच्चे में भी है। वो चाहे तो चल सकता है, चाहे तो रूक सकता है। कर्म की प्रवृत्ति करना और बन्द करना, ये योग्यतायें हरेक में हैं। लेकिन इन योग्यताओं का कोई सदुपयोग कर रहा है, कोई दुरुपयोग कर रहा है। बाबा जिन शक्तियों का प्रयोग करने के लिए कहता है वो यह है कि व्यर्थ संकल्पों को रोक दो, लीकेज को बन्द करो। मुख्य पुरुषार्थ यह है कि क्या करना है, क्या नहीं करना है। धर्म का सबसे बड़ा प्रश्न भी यही है। आध्यात्मिकता भी बताती है कि क्या करो और क्या न करो। हरेक में यह क्षमता है कि सोचकर क्या करना है और क्या न करना है। जब मनुष्य बुरे संकल्प करता है तो उसमें अन्दर से एक आवाज़ आती है कि यह काम नहीं करना चाहिए। अगर इस आवाज़ को सुनकर वह अपने को रोक लेता है तो वह अच्छा इन्सान कहलाता है। जिसमें जितनी बुराई को रोकने की शक्ति होती है उतना वह अच्छा कहलाता है और जो नहीं रोक सकता है, जो मन पर नियंत्रण नहीं कर सकता, वह बुरा आदमी कहलाता है। इसलिए बाबा कहते हैं, आपके अन्दर यह शक्ति है, इसका प्रयोग करो। पुराने ज़माने में लोग क्या करते थे, धन-सम्पत्ति को ज़मीन में दबा कर रख देते थे कि चोर न ले जायें। लेकिन उससे कुछ फायदा तो होता नहीं था। आजकल लोग क्या करते हैं, धन को प्रयोग में लाते हैं। बैंक में फिक्स करके रखते हैं, कोई व्यापार में लगाते हैं। उससे कमाते हैं। उसी प्रकार हम भी अपनी इस शक्ति को काम में लगायें। यह जो रोकने की शक्ति है इसको हमें व्यर्थ को रोकने के लिए, लीकेज को रोकने के काम में लगाना चाहिए।



समाप्ति ही सम्पूर्णता की निशानी है। जितना-जितना आपकी लीकेज कम होती जा रही है, समाप्त होती जा रही है, तो समझो आपकी सम्पूर्णता समीप आ रही है। समाप्ति कैसे होगी? जब आप निगेटिविटी को रोकना शुरू करेंगे।

अगर व्यर्थ संकल्प और निगेटिव संकल्प वेग से चलते रहेंगे और नहीं रोकेंगे तो वे समाप्त कैसे होंगे? इसलिए देखिये यह रोकने की शक्ति कितनी जबरदस्त शक्ति है! लेकिन हम इसका इस्तेमाल करते ही नहीं। कई लोग कहते हैं, छोड़ो जी, हमने बहुत सह लिया, बहुत बर्दास्त किया, यह हमें समझता ही क्या है! रोज़ हमें यह तंग करता है, आज उसको हम सबक सिखा ही देंगे। अगर हम कार चला रहे हैं, सामने कोई चट्टान है, पेड़ है, गड्ढा है फिर भी हम सोचें कि छोड़ो जी, रोज़-रोज़ हम ही हट जाते हैं, आज इसको हम सबक सिखा देंगे। ऐसे कहकर गाड़ी नहीं रोकें अथवा दिशा नहीं बदलें तो क्या होगा? सिर किसका टूटेगा? गाड़ी किसकी टूटेगी? इसलिए पहले-पहले हमें रोकने की शक्ति का प्रयोग ठीक रीति से करना होगा।

आप समझ ही गये होंगे कि रोकने की शक्ति हमारे जीवन में कितना महत्व रखती है। हर कदम पर हमें उसकी ज़रूरत पड़ती है। इसे सही दिशा में प्रयोग करें, उपयोग करें तो हम क्या से क्या नहीं बन सकते! अन्यथा तो गाड़ी का ब्रेक फेल हो जाने पर क्या नतीजा होगा ये हम भली भांति जानते ही हैं। हमें अपने जीवन में हर घड़ी इसे सही उपयोग करने की आदत बना लेनी चाहिए।



**जादौन नगर-राज.।** ब्रह्माकुमारीज़ जादौन नगर के सानिध्य में कार्यरत प्रेम निकेतन कन्या होस्टल सूर्यनगर तारों की कूंट,जयपुर में चन्द्रशेखर गुर्जर,उपनिदेशक,देवस्थान विभाग,जयपुर राज. के सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके साथ उपस्थित हैं राजयोगिनी ब्र.कु. पूनम दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. सनुसूईया दीदी, विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा,पूर्व उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन,मीडिया प्रदेश कांग्रेस समिति,जयपुर राज. तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।



**भादरा-राज.।** चिकित्सक दिवस पर विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा समिति हॉस्पिटल में डॉक्टर्स को सम्मानित करने के पश्चात् प्रभु स्मृति में ब्र.कु. चन्द्रकान्ता बहन, डॉ. महावीर जाखड़, डॉ. सारिका तिवारी, डॉ. आनंद गौड़, डॉ. मनीष, वाइसचेयरमैन दयानंद,हॉस्पिटल उपाध्यक्ष जगदीश गर्ग तथा अन्य।



**धमतरी-छ.ग.।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ब्र.कु. सरिता बहन को उनके द्वारा की जा रही सामाजिक, आध्यात्मिक सेवाओं के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से सम्मानित करते हुए जय हिन्दुजा,मेम्बर ऑफ स्टेट वर्किंग कमेटी,बी.जे.वाय.एम. तथा राजीव सिन्हा,फॉर्मर हेड,बी.जे.वाय.एम.। मौके पर कुलेश सोनी,मेम्बर ऑफ द स्टेट इकोनॉमिक सेल ऑफ बीजेपी, लक्ष्मण गौतम, पुष्पेन्द्र वाजपेयी, रिकी गणवानी, निखिल वरदानी आदि उपस्थित रहे।




**मिआमी-फ्लोरिडा(यू.एस.ए.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिटेशन सेंटर द्वारा 'क्वांटम हीलिंगः द हार्ट इन वेलबीइंग' विषय पर आयोजित ऑनलाइन कन्वर्सेशन में शामिल हुए ब्र.कु. डॉ. श्वेतांक, डॉ. कनिष्ठा अग्रवाल तथा अन्य।